मोह माया सब छोड़ो | By Mukesh Bagda |

जय जय नारायण
बोलो बद्री नारायण

मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।
नारायण के चरणों में जीवन कर दो अर्पण,
मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।

हरी के नाम की जो फेरे है माला,
संकट में उसका रखवाला
हो जाता मेरे बद्रीनारायण।

पावन हो जाता है पापी जिसका भी हो मन,
मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।

मन के मंदिर में हरि नाम रमाले,
बद्री के नाथ को मना ले,
तू बोल के बद्रीनारायण।

मिल जाती खुशियाँ सबको,
ना रहता कोई ग़म,
मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।

नाम का तेरे ही अमृत पिया है,
जीवन ये नाम किया है,
तेरे तो मैंने बद्रीनारायण।

नारायण ही नाम जुबां पे रहता है हरदम,
मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।

बद्री का धाम सबको मुक्ति है देता,
झोली खुशियों से भर देता है सबकी
मेरा बद्रीनारायण।

बारंबार प्रणाम करें तुमको बद्री है हम,
मोह माया सब छोड़ो रे भक्तों,
बोलो बद्रीनारायण।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%ac-%e0%a4%9b%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%8b-by-mukesh-bagda/